भावना के निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनांक 08.01.2023 को आयोजित,पंचम शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट।

भावना के निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत, लखनऊ जनपद तथा पड़ोसी जनपद के ग्राम्यांचलों के निर्धन एवं असहाय निवासियों को प्रतिवर्ष शीतकाल में ठण्ड से बचाव हेतु ऊनी कम्बल वितरित किये जाते हैं। भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन-जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा, कम्बल वितरण के प्रयोजनार्थ , पांचवां शीतकालीन सहायता शिविर,दिनांक- 08.01.2023 (रविवार) को जनपद लखनऊ , विकास खण्ड बख्शी का तालाब के ग्राम भगौतीपुर में आयोजित किया गया ।

कैम्प में भावना के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला जी , प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया , भावना के प्रमुख महासचिव श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह जी , महासचिव कार्यान्वयन श्री जगमोहन लाल जायसवाल, उपाध्यक्ष श्री टी. एन. कनौजिया , श्री विश्वनाथ सिंह जी , श्री राज देव स्वर्णकार जी तथा ग्राम के सम्मानित व्यक्ति श्री आदित्य नारायण सिंह , ब्रजेश सिंह , शशेन्द्र प्रताप सिंह , वंशीलाल यादव , ब्रह्म दत्त बाजपेई , श्री नैमिष कुमार सिंह , श्री माता प्रसाद जी इत्यादि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला ने अपने संदेश में ग्रामवासियों को उनके हित की उपयोगी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें जनसेवा केंद्र पर जाकर ई-श्रम कार्ड एवं भारत सरकार की आयुष्मान योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु विशेष प्रेरित किया।इसके साथ ही सभी ग्रामवासियों की समृद्धि,स्वास्थ्य एवं प्रसन्नता की कामना की एवं परस्पर भाईचारा बनाये रखने का आह्वान किया। तदोपरान्त भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला जी एवं भावना के सभी उपस्थित पदाधिकारियों तथा ग्राम के सम्मानित व्यक्तियों के द्वारा ग्राम भगौती पुर के के पूर्व चयनित बृद्ध , गरीब तथा विकलांग पुरुषों तथा महिलाओं को ,शीत ऋतु में ठंड से बचाव हेतु 95 अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किए गए । कम्बल वितरण के कुछ फोटो वेबसाइट के गैलरी- फोटो अल्बम में देखे जा सकते हैं।

इं. जगमोहन लाल जायसवाल
महासचिव कार्यान्वयन